मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 24 सितम्बर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	24/09/15	25/09/15	26/09/15	27/09/15	28/09/15
वर्षा (मि.मी.)	1	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	34	34	35	35
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	24	24	24	23	23
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	5	4	3	2	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	74	72	70	70	68
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	38	36	34	32	30
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	10	12	14	12
हवा की दिशा	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

किसान भाई दलहनी व बाजरा की फसल को अच्छी तरह सुखाएं व बाद में गहाई कर सुरक्षित स्थान पर रखें।

किसान भाई सरसों की बुवाई हेतु खेत को तैयार करें तथा आवश्यक आदानों बीज, खाद व रसायनो की अग्रिम व्यवस्था करें। पूसा जय किसान, आर.एच.–30, आर.एच–8812, पूसा गोल्ड, पी.आर–15 सरसों की उन्नत किस्में हैं।

सरसों की बुवाई बरानी क्षेत्र में 25 सितम्बर से 15 अक्टूबर तथा सिंचित क्षेत्र में 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच करें।

कपास की फसल में रस चूसने वाले कीटो के नियंत्रण के लिए एक लीटर मोनोकोटोफॉस 36 डब्लू.एस.सी. का प्रति हैक्टेयर की दर सें छिड़काव करें।

नमी युक्त मौसम होने के कारण पशुओं को हवादार स्थान पर रखें व आवश्यकता अनुसार पानी पिलाएं तथा हरा चारा खिलाएं।

(नौडल ऑफीसर)